## संपादकीय

# देवी पूजन के असली मायने

शरदकालीन नवरात्रों की खूब धूम रही। औरों की देखादेखी अपने हरियाणा में भी डांडिया की मस्ती छाई रही। नौ दिनों तक घर-घर में देवियों की श्रद्धा सहित पूजा-अर्चना हुई। पर ये देवियां घरों में चलती-फिरती देवियां नहीं थीं, सिर्फ कैलेंडरों या मंदिरों में मूर्ति के रूप में विराजमान देवियां थीं। कहने की ज़रूरत नहीं है कि घर या समाज में देवियों की क्या अवस्था है।

छोटे-बड़े मंदिरों और घरों में बने मंदिरों में देवियों का खूब शृंगार हुआ। इस शृंगार में सबसे अच्छा यह लगा कि प्रायः हर देवी के हाथ में त्रिशूल है। सचमुच माथे की बिंदिया और गजरे-कजरे से भी ज्यादा ज़रूरी है हर देवी के हाथ में त्रिशूल का होना जो उनके साहस को उजागर करता है। हिंदू धर्म में अनेकानेक देवताओं का उल्लेख है पर परम साहसी जो व्यक्ति त्व शेर पर विराजमान है, वह एक देवी है। तो निःसन्देह यह प्रतिपादित होता है कि देवियों का परा म किसी भी रूप में न्यून नहीं हैं।

मी टू अभियान ऐसी लड़कियों की पीड़ा को व्यक्त करता है जो समय पर निःशब्द हो गई होंगी। नोटबन्दी के समय पति देव यह कहते सुने गये थे कि जो कुछ भी छिपा रखा है, बता दो वरना सरकार पकड़ेगी तो मैं कुछ नहीं कर पाऊंगा। मी टू अभियान के इस दौर में प यां अपने पतियों से कह रही हैं कि कुछ छिपा रखा है तो बता दो, वरना अखबार में आ गया तो मैं कुछ नहीं कर पाऊंगी।

नवरात्रों में एक तरफ तो देवियों की आराधना होती रही और दूसरी ओर कई माताएं हस्पताल जाकर भ्रूण हत्या करवा निश्चित होती रहीं। इस बात से यह तो लगेगा कि कन्या को गर्भ में मरवाना अब पुराना विषय हो चुका है। भ्रूण हत्या मुद्दे पर चाहे पुराना या बासी होने का ठप्पा लगा दिया जाये पर इस सच्चाई को नहीं नकारा जा सकता कि देवी पूजन का असली अर्थ तभी समझ आयेगा जब देवियों के जन्म पर मातम मनाना बंद होगा और उनके भ्रूण की रक्षा होगी।

# अध्यक्ष मुकेश अंबानी कहा कि वर्ष 2020 तक भारत 4 जी एनेबल्ड हो जायेगा

नयी दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने ग्रामीण भारत में चुपचाप बड़ी तेजी से बदलाव आने का उल्लेख करते हुये गुरुवार को कहा कि वर्ष 2020 तक भारत 4 जी एनेबल्ड हो जायेगा और रिलायंस जियो किफायती दाम पर सभी को उच्च गुणवत्ता सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री अंबानी ने यहां शुरू हुई दूसरी इंडिया मोबाइल कांग्रेस में कहा कि ग्रामीण भारत में शांत क्रांति हो रही है और शीघ्र ही देश में शत प्रतिशत उपभोक्ता 4 जी का उपयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी ने आठ महीने पहले पहला फोन लाँच किया था जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जबदरस्त बदलाव आया है। इस फोन के जरिये मात्र 100 रुपये महीने में हर तरह की मोबाइल सेवायें दी जा रही हैं।



उन्होंने कहा कि भारत शीघ्र गरीब राष्ट्र की श्रेणी से बाहर निकल जायेगा और वर्ष 2021 तक देश की मात्र तीन प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे रहेगी। उन्होंने कहा कि किफायती मोबाइल सेवाओं से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोगों के जीवन में सुगमता लाने का सपना साकार हुआ है। देश की 130 करोड़ आबादी इस क्रांति के उत्पादकता के साथ भागीदारी कर सकती है और देश की बड़ी चुनौतियों का समाधान कर सकती है। उन्होंने कहा कि फिक्स्ड ब्राडबैंड डाटा कनेक्शन के मामले में भारत दुनिया में 135वें स्थान पर है। रिलायंस जियो का गीगा फाइबर अगले कुछ वर्षों में भारत को इस मामले में तीन प्रमुख देशों में शामिल करने में मददगार होगा। उन्होंने 5 जी का उल्लेख करते हुये कहा कि उनकी कंपनी ने इस दिशा में काम शुरू कर दिया है और इसके लिए प्रौद्योगिकी प्रदाताओं के साथ मिलकर काम किया जा रहा है।

# ईपीएफ योजना के अंशधारकों में रिकॉर्ड बढ़ोतरी, एक साल में इतने बढ़े

नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि योजना के तहत सितंबर 2017 से अगस्त 2018 तक 1.45 करोड़ नए अंशधारक जुड़े. सरकार ने संगठित क्षेत्र में रोजगार के नए आंकड़े एक दिन पहले जारी किए. सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय अप्रैल 2018 से संगठित क्षेत्र में रोजगार के आंकड़े जारी कर रहा है. मंत्रालय इसके लिए उन अंशधारकों की संख्या के बारे में सूचना का उपयोग करता है जिन्होंने तीन बड़ी योजनाओं कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, कर्मचारी राज्य बीमा योजना और राष्ट्रीय पेंशन योजना का लाभ लिया या उससे जुड़े.

18.55 लाख अंशधारकों ने फिर से योगदान देना शुरू किया

आंकड़ों के अनुसार ईपीएफ से जुड़ने वाले नए अंशधारकों की संख्या सितंबर 2017 से अगस्त 2018 के बीच 1,45,63,864 रही. इसके मुताबिक करीब 91 लाख कर्मचारी भविष्य निधि योजना के दायरे से बाहर हुए. हालांकि ईपीएफओ के दायरे से बाहर होने वाले करीब 18.55 लाख अंशधारक फिर से इस अवधि के दौरान योगदान देना शुरू किये. मंत्रालय के अनुसार सितंबर 2017 से अगस्त 2018 के बीच एनपीएस के तहत जुड़ने वाले अंशधारकों की संख्या 6,89,385 रही. सरकार मासिक आधार पर ईएसआईसी अंशधारकों की संख्या भी जारी करती है.

# 6 सालों में सबसे ऊंची दर पहुंची सोने की कीमत, चांदी में गिरावट

नई दिल्ली। विदेशों में मजबूती के रुख और रुपये के कमजोर होने के बीच स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की शादी ब्याह की मांग से दिल्ली सर्राफा बाजार में गुरवार को सोना 125 रुपये की तेजी के साथ छह वर्ष के उच्चतम स्तर 32,625 रुपये प्रति दस ग्राम को छू गया. हालांकि, औद्योगिक इकाइयों की कमजोर मांग से चांदी में नरमी रही और इसकी कीमत 130 रुपये घटकर 39,600 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई. बाजार सूत्रों ने कहा कि डॉलर के कमजोर होने और शेयरों में गिरावट आने से वैश्विक बाजारों में सोना तीन माह के उच्च स्तर पर जा पहुंचा जिससे स्थानीय कारोबारी धारणा मजबूत हुई. इसके अलावा स्थानीय मुद्रा में कमजोरी आने से भी निवेशकों की धारणा में सुधार हुआ.



वैश्विक स्तर पर सिंगापुर में सोना तेजी के साथ 1,234.20 डॉलर प्रति औंस हो गया. सूत्रों ने कहा कि इसके अलावा घरेलू हाजिर बाजार में मौसमी मांग को पूरा करने के लिए स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की लिवाली में आई तेजी तथा गिरते शेयर बाजार से धन का प्रवाह सर्राफा बाजार की ओर मुड़ने से भी तेजी के रुख को समर्थन मिला.

# नई सेंट्रो केवल 10,100 रुपये में लाएं घर, कंपनी लेकर आई स्पेशल ऑफर

नई दिल्ली। हुंडई सेंट्रो 2018 कार निर्माता कंपनी हुंदई ने 23 अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित एक इवेंट में हैचबेक कार सेंट्रो का नए अवतार में लॉन्च किया है। नई सेंट्रो में नाम के अलावा सब कुछ बदल गया है। पहले के मुकाबले ज्यादा स्पेशियस सेंट्रो के आने का काफी लोगों को इंतजार था। कंपनी की तरफ से कार की बुकिंग 10 अक्टूबर से ही शुरू हो गई थी। 12 दिन में 23,500 यूनिट की बुकिंग से पता चला कि कार को ग्राहकों को जबरदस्त रिस्पांस मिल रहा है। लॉन्चिंग से पहले सुर्खियों में बनी रही नई सेंट्रो पुरानी कार से कई मायनों में खास है। अगर आप भी नई सेंट्रो लेने का प्लान कर रहे हैं तो आपके पास अच्छा मौका है। पहले कंपनी ने इसकी बुकिंग के लिए 11,100 रुपये की धनराशि तय की थी। अभी भी यह ऑफर कंपनी की तरफ से दिया जा रहा है। शुरुआती 50 हजार बुकिंग कराने वाले ग्राहकों को बुकिंग के लिए 11,100 रुपये जमा करने होंगे। यदि आप एचडीएफसी बैंक के डेबिट या क्रेडिट कार्ड से ऑनलाइन कार की बुकिंग करते हैं तो इस पर 10 प्रतिशत का कैशबैक मिलेगा. यानी आपको कुल मिलाकर 10,100 रुपये का भुगतान करना होगा.



# ओडीआई सीरीज में मिला इशारा, ये क्रिकेटर नहीं होंगे 2019 वर्ल्डकप का हिस्सा

नई दिल्ली। चयनकर्ताओं ने वेस्टइंडीज के खिलाफ बचे हुए बाकी के तीन वनडे मैचों के लिए 15 सदस्यीय टीम इंडिया का ऐलान कर दिया है। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को आराम दिया गया है, जबकि जसप्रीत बुमराह और भुवनेश्वर कुमार की वापसी हुई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक बयान जारी कर टीम का ऐलान किया। इससे लगभग इस बात पर मुहर लग गई है कि अगले साल होने वाले वर्ल्ड कप में कुछ खिलाड़ी निश्चित ही नहीं खेल पाएंगे। आइए नजर डालते हैं इन खिलाड़ियों की फेहरिस्त पर रविचंद्रन अश्विन युजवेंद्र चहल और कुलदीप यादव जैसे युवा स्पिनर्स के शानदार प्रदर्शन के चलते रवि अश्विन अब केवल टेस्ट स्पिनर ही बनकर रह चुके हैं। उन्होंने अपना आखिरी वनडे पिछली साल वेस्टइंडीज के खिलाफ ही खेला था। इसे देखकर अश्विन का विश्व कप में चयन भी मुश्किल ही लगता है।



सुरेश रैना 2005 में श्रीलंका के खिलाफ अपना वन-डे डेब्यू करने वाले सुरेश रैना जितने मौके भारतीय क्रिकेट में शायद ही किसी दूसरे खिलाड़ी को मिले होंगे।ना तो विजय हजारे ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश की ओर से खेलते हुए उन्होंने कोई कमाल दिखाया और न ही देवधर ट्रॉफी में वे इंडिया 'सी' की ओर से खेलते हुए किसी को प्रभावित कर पाए।

अजिंक्य रहाणे भारतीय टेस्ट टीम के उप-कप्तान अजिंक्य रहाणे लंबे वक्त से वन-डे टीम से बाहर चल रहे हैं। उनकी मौजूदा फॉर्म देखकर विश्व कप तक वापसी मुश्किल ही नजर आ रही है। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में मुंबई की ओर से खेलते हुए उन्होंने हैदराबाद के खिलाफ नॉटआउट 17 तो दिल्ली के खिलाफ महज 10 रन ही बनाए।

# धनतेरस का महत्व, ये हैं खरीदारी का शुभ मुहूर्त

आप सभी को बता दें कि हिन्दू धर्म में दीपावली से दो दिन पहले धनतेरस का त्योहार मनाया जाता है जो सभी के लिए बहुत ख़ास होता है. ऐसे में इस दिन भगवान धन्वन्तरि के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है और यह पर्व हर साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को पड़ता है. कहा जाता ही इस दिन को भगवान कुबेर और धन की देवी मां लक्ष्मी की अराधना से जोड़ा जाता है और इन दोनों की पूजा कर धनवान बनाने के लिए प्रार्थना की जाती है. कहा जा रहा है इस साल धनतेरस 5 नवंबर 2018 को है और इस दिन नए बर्तन खरीदना शुभ होता है. ऐसे में आइए बताए धनतेरस पर खरीदारी का शुभ मुहूर्त.



शुभ मुहूर्त -
सुबह 10.30 बजे से 1.30 तक
.
शाम 7.30 बजे से 9 बजे तक.

अब आइए जानते हैं कैसे करें पूजा-

आपको सबसे पहले मिट्टी का हाथी और धन्वंतरि भगवानजी की फोटो स्थापित करना है और फिर चांदी या तांबे के छोटे चम्मच से जल अर्पित करना है इसके बाद भगवान गणेश का ध्यान और पूजन करना है और फिर हाथ में अक्षत-फूल लेकर भगवान धन्वंतरि का ध्यान करना है और उन्हें समर्पित कर देना है.

## बेमिसाल स्वाद का लखनवी जायका



लखनवी कबाब का स्वाद हर खाने वाले को बहुत पंसद होता है. यही वजह है कि फाइव स्टार होटलों तक में कबाब की मांग सबसे अधिक होती है. लखनऊ के होटल रेनंसा के सीपिया रेस्तरां में शेफ बलविंदर पाल सिंह लुबाना ने कबाब और अवधी फूड के शौकीन लोगों के लिये तरह तरह के वेज और नौनवेज कबाब तैयार किये हैं.

कबाब के साथ निहारी गोश्त, मुर्ग कोरमा, पेशावरी मुर्ग और लखनवी चिकन मसाला प्रमुख हैं. पूरे देश में अवधी जायका सबसे अधिक मशहूर है.

होटल के जनरल मैनेजर नमित विज ने बताया कि लखनऊ आने वाले लोग अवधी जायके को बहुत पसंद करते हैं. इसमें गलौटी कबाब, खस्ता दही के कबाब बहुत पसंद करते है.

खस्ता दही के कबाब वेज और नौन वेज दोनों ही तरह के बनते हैं.

कबाब के साथ करी भी अलग से पसंद आती है. गोश्त यखनी पुलाव भी अवध के खास स्वाद में आता है.

यहां बनने वाले लहसुनी पालक को बनाने के लिये लहसुन के पतले पतले चिप्स काट कर रोस्ट करके पालक को भूना जाता है. इसको यलो चिली पाउडर और दूसरे अवधी गर्म मसालों के साथ भूनकर तैयार किया जाता है. इसको शहद और मक्खन के साथ गार्निश किया जाता है.


## शब्द सामर्थ्य-70

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 69 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | ■ | ■ | स |
| ट | ■ | भ | ला | ई | ■ | अ | स | म |
| ना | म | ■ | ■ | स | मा | धि | ■ | झ |
| ■ | ज | ■ | बे | ■ | न | का | र | ना |
| बा | बू | ■ | आ | य | क | र | ■ | ■ |
| ■ | र | की | ब | ■ | ■ | ■ | प्र | था |
| ज | ■ | ■ | रू | प | क | ■ | ज | न |
| हा | ■ | पा | ■ | ना | म | ची | न | ■ |
| ज | हां | प | ना | ह | ■ | ता | न | ना |

## सू-दोकू-70

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.69 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## आज का राशिफल

मेषः काम में एकाग्रता कम रहने के कारण आप दुखी हो सकते हैं, ऐसा गणेशजी कहते है। धन का निवेश करनेवालों के लिए संभलकर चलना आवश्यक है। आवश्यक दस्तावेजों पर अधिक ध्यान दें। मध्याह्न के बाद कार्य का प्रारंभ करने में सरलता रहेगी। पारिवारिक वातावरण में सुधार होगा।

वृषभः व्यावहारिक कार्यों को निपटाने के लिए आज का दिन शुभ है। बड़े बूढ़ों और मित्रों के साथ मिलना होगा। नए मित्र भी बनेंगे, जिनकी मित्रता दीर्घकाल तक स्थायी रहेगी। संतान की प्रगति से मन पुलकित हो जाएगा। पर्यटन या प्रवास का योग हैं।

मिथुनः व्यापारी-वर्ग के लिए आज का दिन शुभ है। व्यापारियों को व्यापार में वृद्धि होने के साथ-साथ सफलता और उगाही का धन भी प्राप्त होगा। पिता तथा बड़े बूढ़ों से लाभ होगा। लक्ष्मीजी की कृपादृष्टि रहेगी। उपरी अधिकारीयों की शुभदृष्टि व्यवसाय में कार्य सफलता और लाभ प्राप्त करवाएगी।

कर्कः आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। नकारात्मक विचारों से दूर रहें। खान-पान पर ध्यान नहीं रखेंगे तो स्वास्थ्य खराब हो सकता है। परिजनों के साथ वाद-विवाद ना हो, इसका ध्यान रखें। व्यर्थ व्यय से बचें।

सिंहः आज का दिन आपके लिए मध्यम फलदायी रहेगा अनैतिक कार्यों से दूर रहें। शारीरिक और मानसिक श्रम अधिक हो सकता है। आकस्मिक धनलाभ होगा। संतान के विषय में चिंता रहने के कारण निरर्थक खर्च करना पड़ सकता है।

कन्याः आज आपको मान-सन्मान प्राप्त होगा। व्यावसायिक क्षेत्र में साझेदारों के लिए समय अनुकूल है। मनोरंजन के क्षेत्र में आपका दिन आनंदपूर्ण बीतेगा। व्यापारियों को उगाही का धन मिलने की संभावना है। मध्याह्न के बाद स्वास्थ्य नरम-गरम हो सकता है।

तुलाः आजका दिन आपके लिए शुभ फलदायी है। किसी भी कार्य को आप आत्म विश्वास पूर्वक कर सकेंगे। मन को शांत रखें। घर में वातावरण आनंददायी और शांतिप्रद रहेगा। वाणी पर संयम रखें।

वृश्चिकः आज आपको साहित्यिक प्रवृत्ति करना रुचिकर लगेगा। विद्यार्थियों के लिए भी समय अनुकूल है। शेयर-सट्टे में लाभ होगा। मनोबल दृढ और आत्म विश्वास भरपूर होगा।

धनुः आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। दांपत्य जीवन में मामूली बात पर मनमुटाव होने की आशंका है। पति-पत्नी दोनों में से किसी का स्वास्थ्य खराब होने की आशंका है।

मकरः जीवनसाथी के साथ व्यवहार अधिक मधुरतापूर्ण होगा। मित्रों के साथ पर्यटन पर जाने का आयोजन बना पाएंगे। भाईयों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

कुंभः नौकरी या व्यावसायिक स्थल पर संभलकर कार्य करें। उच्चाधिकारियों के नकारात्मक रवैये के कारण आपको कष्ट हो सकता है। माताजी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आर्थिक नुकसान की आशंका है।

मीनः आज आपके घर में धार्मिक कार्य होंगे। परिवार में आनंदमय वातावरण रहेगा। कार्य सफलता मिलेगी। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नए कार्य के लिए शुभ दिन है।